# सत्र 2019-20

# वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग

नए सत्र 2019 जुलाई से इस सत्र में नए प्रवेशित छात्र –छात्रों का मानव विज्ञान विभाग में अभिवादन के साथ विषय का परिचय कराया जाता है दिंनाक 19/07/2019 को विभाग में अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा वृक्षा रोपण का कार्यक्रम किया जाता है |



01/12/2019 को मानव विभाग के द्वारा एड्सदिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बीएससी प्रथम , द्वितीय, तृतीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया | एड्स दिवस के अवसर पर युवाओ में जागरूकता का संचार करना व किस तरीके से एड्स के खतरे से बच सकते है |



03/12/2019 को मानवविज्ञान विभाग में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग में कक्ष व प्रायोगिक कक्ष की सफाई की गई |

12/01/2020 को युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को आदर्श मानते हुए मानवविज्ञान विभाग में शीर्षक (युवा 2020 ) पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में बीएससी प्रथम,

द्वितीय, तृतीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया |



दिनांक 23/01/2020 मानव विज्ञान विभाग में शीर्षक मानसिक स्वास्थ्य का मानव के जीवन पर प्रभाव का अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया |इस व्याख्यान में अतिथि डॉ इंदु पदमे (एम .डी.) सामुदायिक चिकित्सा चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय कचान्दुर दुर्ग छ .ग . इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश छात्र –छात्रों के जीवन में होने वाले बदलाव शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन का छात्र जीवन में होने वाले तनाव से कैसे बचे | जिसमे अपने पारिवारिक और सामाजिक परिवेश में किस तरीके से तालमेल के द्वारा अवसाद से बच सके |




24/01/20 20 मानव विज्ञान विभाग में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर छात्रों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया जिसका शीर्षक स्त्री रोग एवं समाधान के अधार पर किया गया | इस कार्यक्रम के लिए डॉ स्मृति नाईक ( स्त्री रोग विशेषज्ञ ) जवाहरलाल नेहरु स्मृति चिकित्सालय रायपुर छ .ग. स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओ में होने वाले अंतःस्त्राव से होने वाले विभिन क्रियाओ वृद्धि एवं विकास प्रजनन

आदि का नियमन तथा नियन्त्रण  कैसे करता है और किस प्रकार से हमारे शरीर में होने वाले परिवर्तन के लिए किस प्रकार जिम्मेदार है और मासिक धर्म में होने वाले परेशानी और साफ सफाई कैसे अपने शरीर को स्वस्थ

रखे  महाविद्यालय के छात्रों ने बहुत हर्ष के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया


GUEST

15/02/2020 को मानव विज्ञान विभाग में विश्व मानवविज्ञान दिवस मनाया गया जो हर वर्ष फरवरी महीने के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है यह  दिन पेशेवरो को सराहना करने और मानवविज्ञान के बारे में जानकारी प्रदान करना है | मानव विज्ञान मानव समाज और संस्कृतियो की उत्पत्ति और विकास का अध्ययन है |

# सत्र 2020-21

## वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग

जुलाई से नए सत्र आरम्भ के साथ नये प्रवेशित छात्र छात्रों को विषय से अवगत कराया गया जिसमे बीएससी प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय

दिनांक 31/07/2020 को मानव विज्ञान विभाग में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे मानव विज्ञान विभाग के द्वितीय वर्ष बीएससी के छात्र –छात्रों ने विभाग के गमलो व परिसर में पौधे रोपे गए कोविड के परिपालन में सभी ने पौधो को महत्त्व व पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर भाग लिया |



# सत्र 2021-22

## वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग

जुलाई में नये सत्र के आरम्भ जिसमे महाविद्यालय में नई शिक्षा निति (NEP-2020) लागू की गयी जिसमे सेमेस्टर पद्धति के द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जायेगा | जिसमे नये प्रवेशित छात्र छात्रों को प्रथम सेमेस्टर विषय के बारे जानकारी दी गयी प्रशिक्षण पाठ्य क्रम के तहत विषयों का चयन, परीक्षा पद्धति ,क्रेडिट स्कोर SEC,VAC,GE,AECC व प्रथम वर्ष की पढाई पूरी करने पर सर्टिफिकेट और द्वितीय वर्ष की पढाई पूरी करने पर स्किल सर्टिफिकेट ,तीसरे वर्ष में डिप्लोमा और चौथे वर्ष में स्नातक की डिग्री और पांचवें वर्ष में पीजी डिप्लोमा और छठवे वर्ष में पीजी डिग्री और आठवे वर्ष में पीएचडी की डिग्री मिलेगी | NEP 2020 पांच स्तम्भो पर आधारित है पहुच ,समता ,गुणवत्ता ,समर्थ और जवाबदेही पर आधारित है |इसका मुख्य उद्देश्य

व्यवसायिक परिक्षण और इन्टर्नशीप को एकीकृत करने पर जोर दिया गया |




दिनांक 06/01/2022 में मानव विज्ञान विभाग में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बीएससी प्रथम,द्वितीय तृतीय वर्ष के छात्र – छात्रों ने विभाग के प्रायोगिक लैब व कक्षा की स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का कार्य किया|




07/01/2022 को मानव विज्ञान विभाग में अंतर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ गणित विभाग के प्रो. डॉ. के के देवांगन ने मानवविज्ञान के छात्र- छात्रों को विषय के अंतर्गत MEAN-MEDIAN-MODE और Chi-Square Test को सरल तरीके से व्याख्यान आयोजित किये जिससे छात्र –

छात्राये लाभान्वित हुए |




दिनांक 10/01/2022 को अंतर –विषयक व्याख्यान के अंतर्गत समाजशास्त्र विभाग से प्रो. श्रीमति ललिता साहू सहायक प्राध्यापक ने जनजाति विकास की योजनाये विषय पर एक व्याख्यान दिया जिससे बीएससी प्रथम

,द्वितीय ,तृतीय वर्ष के छात्र –छात्रों ने इस विषय पर प्रतियोगिता के लिए लाभ प्राप्त किया |




दिनांक 11/02/2022 को मानव विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ डॉ. नीरजा सेन स.प्रो. मानव विज्ञान विभाग शा.जे.यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के द्वारा विषय मानव विज्ञान की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया उन्होंने मानव विज्ञान के विभिन्न उपयोगिता के साथ अगामी परीक्षा में तयारी कैसे करे इन निम्न बिन्दुओ पर व्याख्यान दिया हम मानव विज्ञान विभाग के तरफ से आभार व्यक्त करते है |




दिनांक 12/02/2022 को मानव विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ प्रो. डॉ.डी.के वर्मा शा.जे .यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के द्वारा विषय मानव विज्ञान और

रोजगार पर व्याख्यान दिया |



# सत्र 2022-23

## वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग




दिनांक 05/09/2022 को मानव विज्ञान विभाग में बीएससी प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्ष के छात्रो ने शिक्षक दिवस मनाया और सभी छात्रो ने अपने विचार व्यक्त किया |



दिनांक 06/09/2022 मानव विज्ञान विभाग द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें मानव विज्ञान के बीएससी प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्ष के छात्रो ने  रुषा भवन के सामने वृक्षा रोपण किया सभी छात्रो ने

उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया लगभग परिसर में 5 पौधे रोपे गए |




आज दिनांक 23/11/2022 को मानवविज्ञान विभाग में स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया |

दिनांक 30/12/2022 को अंतर विभागीय व्याख्यान के अंतर्गत गणित विभाग से व्याख्यान किया गया है गणित की सहायक प्राध्यापक  श्रीमति कविता सकुरे ने विषय शोध कार्य में सांख्यकीय  का महत्व पर व्याख्यान दिया | इस व्याख्यान में शोध कार्य में सांख्यकीय का महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसके प्रयोग से शोध कार्य को सरल तरीके से प्रस्तुत कर सकते यह व्याख्यान माला बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र छात्रों के लाइट आयोजित किया गया है |



दिनांक 31/12/2022 समय 2.00 बजे मानव विज्ञान विभाग में अंतर विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया है आज उस व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.ए के मांडवी (स.प्रो.) समाजशास्त्र शा.दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव छ.ग. ने मानव विज्ञान विभाग में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्रो के लिए शीर्षक जनजाति पर सामाजिक बदलाव पर व्याख्यान दिया | इस व्याख्यान में सभी छात्र छात्रो ने जनजाति सन्दर्भ पर अपने विषय पर उत्साहपूर्वक भाग लिया और छात्र –छात्रा लाभान्वित हुए |




आज दिनांक 21/02/2023 सांय 2.00 बजे मानव विज्ञान विभाग में बीएससी प्रथम वर्ष हेतु कौशल विकास शीर्षक के अंतर्गत समाज में मानव विज्ञान की भूमिका विषय व्याख्यान का आयोजन किया गया इस विषय के विषय विशेषज्ञ डॉ डी.के  वर्मा शा.जे यो छतीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर प्राध्यापक ने व्याख्यान दिया | उन्होंने मानव विज्ञान का समाज में महत्व को बताया और कैसे मानव विज्ञान के क्षेत्र में कौशल क्षमताके द्वारा समाज में बेहतर कार्य क्र सकते है व्याख्यान का लाभ छात्रो को मिला |




दिनांक 22/02/2023 समय 12.00 बजे मानव विज्ञान विभाग में कौशल विकाश व्याख्यान के अंतर्गत बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्रो के लिए व्याख्यान आतोजित किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ ने सुश्री दीपा शर्मा सहायक प्राध्यापक मानव विज्ञान विभाग शा.जे.यो छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ने विषय शीर्षक

पुरातत्व विज्ञान एक रोजगार के अवसर ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया | उन्होंने अपने व्याख्यान माला के अंतर्गत रोजगार में कैसे पुरातत्व विषय से लाभ ले सकते है मानव विज्ञान के विभिन्न आयामों में प्रकाश डाला



दिनांक 23/02/2023 को मानव विज्ञान विभाग कौशल विकास व्याख्यान के अंतर्गत मानव विज्ञान के बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रो के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया | इस  व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. संपदा वैसे (स.प्रो.) शा.जे.यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ने विषय शीर्षक प्रतियोगिता परीक्षा में मानव विज्ञान की भूमिका पर व्याख्यान दिया इस विषय से कैसे प्रतियोगिता परीक्षा में काम ले सकते है और एक रोजगार के विभिन्न आयामों पर छात्र-छात्रों से चर्चा किया |छात्र-छात्रो के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया |




23/04/2023 दिनांक को शा.दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.के.ल टांडेकर के आदेशानुसार विभाग में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमे विभागाध्यक्ष के द्वारा रुसा परिसर में गुड़हल का पौधारोपण किया गया |

## सत्र 2023-24

## वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग

दिनांक 05/07/2023 को मानव विज्ञान विभाग में कक्षा की शुरुआत होते हि मानव विभाग में स्वच्छता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्रो ने विभाग ओ परिसर की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखलाई

दिनांक 11/07/2023 को मानव विज्ञान विभाग के द्वारा वृक्छारोपन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्रो ने सृजन स्वाद व  रूसाभवन में वृक्षारोपण के कार्यक्रम में पौधो का रोपण किया गया जिसमे बीएससी तृतीय वर्ष के एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र –छात्रो ने भाग लिया |



05/09/2023 को शिक्षक दिवस  था लेकिन यह कार्यक्रम मानव विज्ञान विभाग में 08/09/2023 को छात्र – छात्रो ने मनाया इस कार्यक्रम का आयोजन बीएससी के प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्ष के छात्र-छात्रो के सहयोग से मनाया गया इस कार्यक्रम में छात्र-छात्रो ने अपने जीवन काल के जुरुजन को याद किया उनके मार्गदर्शन ,प्रेरणा व आदर्श को चर्चा किया यह कार्यक्रम बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया |




दिनांक 27/09/2023 को मानव विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है आज का दिवस (विश्व पर्यटन दिवस ) के रूप में मनाया गया आज इस विशेष दिन के अवसर पर मानव विज्ञान विभाग में विषय पर्यटन से रोजगार के अवसर शीर्षक छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के आतिथि श्रीमति आरती साहरे  वक्ता प्रबन्धक पर्यटन छत्तीसगढ़ शासन, सहायक श्री पी.वी.एल. श्रीनिवास छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग ने छत्तीसगढ में पर्यटन से रोजगार के अवसर हम कैसे प्राप्त कर  सकते है छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो के पर्यटन स्थलों से अवगत

कराया एतिहासिक स्थलों के बारे में देखभाल परिसर की स्वच्छता और एतिहासिक महत्व और पर्यटन को बढ़ावा देना राष्ट्रीयधरोवर,भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत सूचीबद्ध स्थल पर चर्चा की गयी |





18/10/2023 को मानव विज्ञान विभाग में स्व्च्छता का कार्यक्रम किया गया जिसमे बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र –छात्रो ने विभाग परिसर और लैब की सफाई की|




04/11/2023 को मानव विज्ञान विभाग में मानव विज्ञान के पितामह श्रीशरतचन्द्र रॉय जयंती मनायी जाती है मानव विज्ञान में प्रथम भारतीय संजातीवृत्तक कहा जाता है भारत में मानव विज्ञान के क्षेत्र उल्लेखनीय योगदान किये 04/11/1871 करापरा बंगाल प्रेसिडेंसी में इनका जन्म हुआ था इस महँ मानव शास्त्री के जन्म अवसर पर मानव विज्ञान विभाग में प्रत्येक वर्ष यह जयंती मनायी जाती है | इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्था के प्रमुख के.एल. टांडेकर ने दीप प्रव्ज्लित कर चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये उन्होंने अपने उद्धबोधन में पितामह श्रीशरतचन्द्र रॉय जी के महान कार्य की जानकारी दी |

दिनांक 12/12/2023 को मानव विज्ञान विभाग में समय 12.00 बजे कौशल विकास शीर्षक के तहत मानव विज्ञान के विभिन्न आयाम विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ डॉ.नीरजा सेन प्राध्यापक मानव विज्ञान विभाग शा. जे यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर से आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अपने अनुभव को छात्रो के साथ बाटा एवं अपने छात्र जीवन को कैसे कौशल का विकास किया जाये अवगत कराया |







दिनांक 13/12/2023 मानव विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान माला के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास तहत विषय अंतर्मुखी व्यक्तित्व का विकास शीर्षक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ डॉ. नीरजा सेन (स.प्रो.) मानव विज्ञान विभाग शा. जे यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर से आमंत्रित किया गया |जिसमे महाविद्यालय के बीएससी प्रथम,तृतीय वर्ष के छत्र छात्रों ने भाग लिया और अपने व्यक्तित्व के विकास में सहायक विभिन्न पहलु पर चर्चा किये |


शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगाँव
मानवविज्ञान विभाग
व्यक्तित्व विकास
(PERSONLITY DEVELOPMENT)
GPS Map Camera
Rajnandgaon, Chhattisgarh, India
32RH+C9R, Rajnandgaon,
Chhattisgarh 491441, India
Lat 21.091067° Long 81.028641°
[redacted]/23 01:26 PM GMT +05:30
Note : Captured by GPS Map Camera
26.12° C
101° E
Google

दिंनाक 14/12/2023 को मानव विज्ञान विभाग में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रो के लिए एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमे सुश्री दीपा शर्मा (स.प्र.) मानव विज्ञान शा.जे.यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर से विषय विषय विशेषज्ञ आमंत्रित किया गया जिन्हें रोजगार मार्गदर्शन के तहत मानव विज्ञान रोजगार के अवसर शीर्षक व्याख्यान दिया इस व्याख्यान से छात्र छात्राए लाभान्वित हुए और अपने भविष्य में रोजगार कैसे प्राप्त क्र सकते है इस पर चर्चा किया गया |



दिंनाक 15/12/2023 को मानव विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान माला के अंतर्गत समूह चर्चा तहत परीक्षा में लेखन विधि का तरीका पर विषय विशेषज्ञ  सुश्री दीपा शर्मा (स.प्र.) मानव विज्ञान शा.जे.यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ने छात्रो के साथ समूह चर्चा में भाग लिया छात्रो ने अपने विभिन्न प्रश्नों के उत्तर विशेषज्ञ से प्राप्त किया



दिनांक 06/01/2023 को शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमड़ीबो राजनादगांव में विस्तार गतिविधि के अंतर्गत NEP 2020 जानकारी के लिए मानव विज्ञान विभाग ने प्राचार्य डॉ. के एल. ताड़ेकर के कुशल मार्गदर्शन में  विभागध्यक्ष डॉ. अंजली मोहन कोपोड़ी के कुशल नेतृत्व में मार्गदर्शन विस्तार गतिविधि का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में स्नातक स्तर के अध्ययन में विषय की जानकारी नई शिक्षा पद्धति का महत्व नई शिक्षा निति में विषय के चयन पद्धती पाठ्यक्रम का प्रारूप मल्टीपल एंट्री व एग्जिट का विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया इस विस्तार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 11 वी ,12 वी  छात्र छत्राओ को जागरूक करना इस कार्यक्रम में सख्या के प्रमुख के.आर. साहू प्राचार्य श्रीमति किरन बोखर श्रीमती कुमकुम ने सहयोग प्रदान किया |

# सत्र 2024-25

## वार्षिक प्रतिवेदन मानव विभाग

दिंनाक 15/02/2024 को मानव विज्ञान विभाग में विश्व मानव विज्ञान दिवस हर साल की तरह फरवरी महीने के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है इस साल 15 फरवरी को है इसलिए विभाग में बी.एस.सी प्रथम ,द्वितीय सेमेस्टर एवं तृतीय वर्ष के छात्रो के सहयोग से मनाया गया इस दिन का  मकसद मानव व्यवहार, जीव- विज्ञान और मानव समाज की जटिल गतिशीलता के बारे में जानकारी देना है यह दिन मानव विज्ञान को अपने काम  का जश्न मनाने का मौका देती है इस कार्य क्रम में छात्र –छात्रा ने कविता ,मानवशास्त्रियों की जीवनी चर्चा और इतिहास पर अपने विचार रखे, इस कार्यक्रम को मानव विभाग  ने हर्ष व उत्साह के साथ मनाया ! इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के समाज कार्य विभाग की विभागध्यक्ष को आमंत्रित किया गया था |

दिनांक 15/10/2024 को मानव विज्ञान विभाग में महिला स्वस्थ एवं स्वकच्छता पर निशुल्क परामर्श  कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य-वक्ता अटल बिहारी बाजपेई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव के सामुदायिक चिकित्सा  विभाग की डॉ.अनिषा कुर्रे ,डॉ दीप शिखा निर्मलकर एवं डॉ. मऊ चटर्जी में इस कार्यक्रम में महिलाओ के स्वास्थ्य को लेकर परिचर्चा की, इनका मुख्य उद्देश्य छात्रों को माहवारी स्वच्छता, सुरक्षित  यौन-सम्बन्ध परिवार नियोजन एवं गर्भाशय से संबंधित बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी  गयी | इस कार्यक्रम में लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया और गूगल फार्म द्वारा प्रश्नोउत्तरी रखा गया और यह प्रश्नोत्तरी इन्ही विषयों से संबंधित थे , उनका उत्तर सभी छात्रों ने दिया ! इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. किरणलता दामले डॉ.मीना प्रसाद ,डॉ. करुणा रावटे ,डॉ.वंदना मिश्रा और अन्य विभागों की महिला प्राध्यापिका उपस्थित रही |

दिनांक 04/11/2024 को मानव विज्ञान विभाग द्वारा मानव विज्ञान के पितामह शरत चन्द्र जयंती मनायी गयी मानव विज्ञान में प्रथम भारतीय संजातीवृत्तक कहा जाता है भारत में मानव विज्ञान के क्षेत्र उल्लेखनीय योगदान किये  04/11/1871 करापरा बंगाल प्रेसिडेंसी में इनका जन्म हुआ था इस महान मानव शास्त्री के जन्म अवसर पर मानव विज्ञान विभाग में प्रत्येक वर्ष यह जयंती मनायी जाती है|इस वर्ष भी मानव विज्ञान विभाग में तात्कालिक भाषण

पोस्टर प्रतियोगिता निबंध का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में प्रत्येक सेमेस्टर के छात्र – छात्रों ने भाग लिया |

दिनांक 25/11/2024 को मानवविज्ञान ,समाजशास्त्र ,समाज कार्य के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया | उक्त कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन में तथा डॉ.ए.के.मडावी (समाजशास्त्र विभागध्यक्ष ),श्रीमति ललिता साहू (समाज कार्य-विभागध्यक्ष) एवं मानव विज्ञान विभाग की विभागध्यक्ष डॉ.अंजली मोहन कोड़ोपी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया इस कार्यशाला भारतीय रिजर्व बैंक की DEA फंड योजना के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम विषय पर किया गया कार्यक्रम में श्री मुनीश शर्मा (एल.डी.एम.आर.वी.आई.) श्रीमती नाजनीन अली ,श्री हितेश मिश्रा, श्री पी एल खैरवार ,सुश्री संतोषी बघेल एवं निमेश साहू आमंत्रित रहे |इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को बैंक से सम्बन्धित डिजिटल भुगतान बीमा निवेश के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी ! साथ ही ऑनलाइन धोखा घड़ी से कैसे बचा जाये इस सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी |

दिनांक 24/01/2025 मानवविज्ञान ,समाजशास्त्र ,समाज कार्य , महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में “राष्ट्रीय बालिका दिवस" का आयोजन किया गया | उक्त आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में तथा डॉ.ए.के.मडावी समाजशास्त्र विभागध्यक्ष ,श्रीमति ललिता साहू समाज कार्य विभागध्यक्ष एवं मानव विज्ञान विभाग की विभागध्यक्ष डॉ.अंजली मोहन कोड़ोपी महिला प्रकोष्ट के प्रमुख डॉ. मीना प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया

बालिका दिवस के उपलक्ष में रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया भाषण प्रतियोगिता का शीर्षक नारी सशक्तिकरण विषय पर रखा गया बालिका दिवस के अवसर पर छात्रो ने रैली निकाली रैली में “बेटी को कभी भी मत समझो भार यही है जीवन का आधार “ “बेटी पर करे अभिमान “जन्म होने पर करे सम्मान वही माता पिता है महान “ “बेटी ही है देश की पहचान” छात्रो ने नारे लगाये | प्राचार्य महोदय ने अपने उदृबोधन में कहा की राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य समाज में बालिकाओ के अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है बेटिया समाज की आधार स्तम्भ है सृष्टी की सृजनकर्ता व देश की भविष्य करता है|

दिनांक 12/02/2025 को मानव विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया इस व्याख्यान में प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डॉ. अंजली मोहन कोड़ोपी विभागध्यक्ष मानव विज्ञान विभाग के निर्देशन में किया गया इस व्याख्यान के अतिथि सुश्री दीपा शर्मा शा.जे.यो.छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर से आमंत्रित किया गया शीर्षक नई शिक्षा निति 2020 के तहत स्वयम व मूक विषय से क्रेडिट स्कोर के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रम के विश्लेषण छात्र –छात्रों को दिया |

दिनांक 20/02/2025 को विश्व मानव दिवस मनाया गया इस दिवस की शुरुवात मानव विज्ञान विषय को व्यापक जागरूकता को बढ़ावा देना है इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव शास्त्रीय गतिविधि अनुसंधान ,चिन्तनशील ,असंख्य भाषाओ ,सामाजिक संस्थाए ,सामाजिक समाज के प्रत्येक पहलू को अवगत कराया गया |

दिनांक 08/03/2025 को महिला दिवस के अवसर पर मानव विज्ञान विभाग  एवं समाज कार्य विभाग के सयुक्त तत्वाधान में सभी कर्मचारी के  लिए वित्तीय जागरूकता व बचत योजना का एक दिवसीय व्याख्यान रखा गया यह कार्यक्रम प्राचार्य सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं श्रीमति ललिता साहू व अंजली मोहन कोड़ोपी के कुशल मार्गदर्शन में जना बैंक की तरफ से महिला कर्मचारी को बचत एवम आर.बी.आई .के नई गॉइडलाइन के बारे में, बचत खाता का उपयोग ,बचत खाता में उच्च ब्याज दर ,सावधि जमा ब्याज दर की जानकारी दी गयी ,जना बैंक के मैनेजर धनंजय सिंह,मनीष सोनी ,नर्गिश बानो ,तोफिदखान   के तरफ से  दिग्विजय महाविद्यालय के महिला कर्मचारी को पौधा वितरण किया गया |